# जय माता दी बोल मनवा

जय माता दी बोल मनवा, जय माता दी बोल,
ना हो डावाँडोल मनवा, जय माता दी बोल,
जय माता दी बोलेगा तो दुख सारे मिट जायेंगे,
दुनिया भर के सुख सारे हिस्से में तेरे आयेंगे,
माँ का नाम सिमरने वाले, कभी नहीं पछतायेंगे,
जय हो
जय माता दी बोल मनवा, जय माता दी बोल॥

जय माता दी महामंत्र है, जो भी इसको ध्याता है,
जाप करे है जो भी इसका, बड़भागी कहलाता है,
मैया मेहरों वाली से वो,
मैया मेहरों वाली से वो, जो चाहे सो पाता है,
जय हो
जय माता दी बोल मनवा, जय माता दी बोल॥

सच्चे मन से एक बार जो, जय माता दी बोलेगा,
बन्द नसीबों का वो अपने, ख़ुद ही ताला खोलेगा,
कैसे भी हालात हों चाहे,
कैसे भी हालात हों चाहे, कभी नहीं वो डोलेगा,
जय हो
जय माता दी बोल मनवा, जय माता दी बोल॥

माँ की महिमा का जयकारा, असुरों का संहार करे,
भक्ति का विश्वास जगाए, टूटे मन में आस भरे,
भव के सागर को 'साहिल' वो,
भव के सागर को 'साहिल' वो, हँसते हँसते पार करे,
जय हो
जय माता दी बोल मनवा, जय माता दी बोल,
ना हो डावाँडोल मनवा, जय माता दी बोल........

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/24311/title/jai-mata-di-bol-manva

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |